# Press Release

TATA POWER-DDL

**शुक्रवार, 21 फरवरी 2025** **प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली**

## टाटा पावर-डीडीएल ने एडवांस स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी के लिए प्रोबस स्मार्ट थिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया

उत्तरी दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली आपूर्ति करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी **टाटा पावर-डीडीएल** ने स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के इरादे से, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और एआई-आधारित डेटा एनेलिटिक्स सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी प्रोबस स्मार्ट एनेलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की घोषणा की है। **ब्लूटूथ-इनेबल्ड कम्युनिकेशन के साथ यूनीवर्सल नेटवर्क इंटरफेस कार्ड (एनआईसी)** की मदद से स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी को उन्नत बनाया जाएगा।

स्मार्ट मीटरिंग क्षमताओं को बेहतर बनाने के मकसद से तैयार यूनीवर्सल एनआईसी से प्राइमरी नेटवर्कों के न रहने पर भी भरोसेमंद और कुशल कम्युनिकेशन संभव होता है, और यह एनर्जी सेक्शन में जबर्दस्त पहल है।

प्रमुख खूबियों में शामिल हैंः

- **बेहतर कनेक्टिविटीः** ब्लूटूथ-इनेबल्ड कम्युनकेशन चुनौतीपूर्ण नेटवर्क स्थतियों में भी मीटर डेटा कलेक्शन और ऑपरेशंस जैसे रीकनेक्शन/डिस्कनेक्शन सुनिश्चित करता है।
- **मल्टी-प्वाइंट स्टार कनेक्टिविटीः** नेटवर्क उपलब्धता-जांच एलगोरिदम के चलते आसपास के मीटरों के माध्यम से सुगम कम्युनिकेशन में मदद मिलती है।
- **मोबाइल एप्लीकेशंस के साथ एकीकरणः** एनआईसी को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह टाटा पावर-डीडीएल के कंज्यूमर मोबाइल एप्लीकेशंस तथा मीटर रीडिंग सिस्टम्स के साथ आसानी से इंटीग्रेट हो जाता है, और परिणामस्वरूप बेहतर यूज़र अनुभव मिलता है।

इस गठबंधन के चलते, टाटा पावर-डीडीएल और प्रोबस स्मार्ट थिंग्स मिलकर स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी को उन्नत बनाने के लिए इनोवेटिव यूज़ केस को तैयार करेंगे और इन प्रयासों के परिणामस्वरूप पैदा होने वाली बौद्धिक संपदा को सुरक्षित रखने के मकसद से पेटेंट के लिए आवेदन करेंगे।

इस पार्टनरशिप के बारे में, **श्री गजानन एस काले, चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर, टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *"हम इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के लिए प्रोबस स्मार्ट थिंग्स के साथ गठबंधन को लेकर उत्सुक हैं। यह पहल हमारे उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद, दक्ष और सस्टेनेबल समाधानों को मुहैया कराने की टाटा पावर-डीडीएल की विज़न से भी मेल खाती है।"*

**श्री आनंद सिंह, फाउंडर एवं सीईओ, प्रोबस स्मार्ट थिंग्स** ने इस पार्टनरशिप के बारे में उत्साहित होकर कहा, *"यह पार्टनरशिप बिजली वितरण क्षेत्र के लिए इनोवेशन और स्मार्ट तथा भरोसेमंद सॉल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सूचक है। टाटा पावर-डीडीएल के साथ मिलकर, हम स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी में नए मानक रच रहे हैं।"*

यह गठबंधन एनर्जी सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्मार्ट, डिजिटली कनेक्टेड ग्रिड की विज़न को और मजबूती देता है। एडवांस एनआईसी से शुरू में टाटा पावर-डीडीएल के ऑपरेशंस को बढ़ावा मिलेगा, और भविष्य में अन्य यूटिलिटीज़ तथा भौगोलिक क्षेत्रों तक भी इसके प्रसार की योजना है।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर के बीच संयुक्त उद्यम है। कंपनी उत्तरी दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली आपूर्ति करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसने उपभोक्ता-केंद्रित व्यवहारों के लिए अपनी साख बनायी है। निजीकरण के बाद से, टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। वर्तमान में, एटीएंडसी नुकसान 5.9% के स्तर पर पहुंच चुका है, और जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान स्तर की तुलना में इसमें अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


For further information please contact:

| **Corporate Communications:** | **Slough PR:** |
| --- | --- |
| John Edwin (9910082270) | Abhishek Anand (9711061540) |